Adda247 GET IT ON Google Play

Civil Services (Main) Examination, 2024

**PHKM–B–COM**

# वाणिज्य व लेखाविधि (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको स्पष्टतया निर्दिष्ट कीजिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Adda247 GET IT ON Google Play

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer each of the following questions in about *150* words : 10×5=50

(a) अनुभूति (सेंसेशन) किस प्रकार अवगम (पर्सेप्शन) से भिन्न है?

How does sensation differ from perception?

(b) संव्यवहार तथा परिवर्तनात्मक नेताओं में मुख्य अंतरों को समझाइए।

Explain the major differences between transactional and transformational leaders.

(c) औपचारिक एवं अनौपचारिक संगठनों में हमें समन्वय की क्यों आवश्यकता होती है?

Why do we need to coordinate formal and informal organizations?

(d) आधात्री (मैट्रिक्स) संगठन की सीमाएँ कौन-कौन सी हैं?

What are the limitations of matrix organization?

(e) संगठनात्मक संस्कृति को बनाए रखने में समाजीकरण किस प्रकार सहायता करता है?

How does socialization help in maintaining organizational culture?

2. (a) संगठनों को किस प्रकार परिभाषित किया गया है? भारत एवं पाश्चात्य देशों में संगठनों के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों की तुलना कीजिए।

How have organizations been defined? Compare different perspectives of organizations in India and Western countries. 20

(b) 'बड़े पाँच व्यक्तित्व विशेषक' कौन-कौन से हैं? इनमें से कौन-सा निष्पादन पर सबसे अधिक प्रभाव डालता है? इनका ज्ञान प्रबंधक को अपना कार्य करने में किस प्रकार मदद करता है?

What are the 'big five personality traits'? Which one seems to have the biggest impact on performance? How would the knowledge of these help the manager in his job? 20

(c) गुणवत्ता चक्र को विकसित करने की अवस्थाओं को समझाइए।

Explain the phases of developing quality circle. 10

3. (a) हर्जबर्ग के अभिप्रेरणा के द्विघटक सिद्धान्त के विरुद्ध मुख्य आलोचनाएँ कौन-कौन सी हैं? कार्यस्थल पर अभिप्रेरणा को बेहतर जानने के लिए इसके योगदान को समझाइए।

What are the major criticisms levelled against Herzberg's two-factor theory of motivation? Explain its contribution for the better understanding of motivation at the workplace. 20

(b) संगठनात्मक संरचना के अभिकल्पन के विभिन्न आयामों का परीक्षण कीजिए। इसमें शामिल प्रक्रिया का मूल्यांकन कीजिए।

Examine the different approaches for designing organizational structure. Evaluate the process involved in it. 20

(c) संगठनात्मक संक्रमण किस प्रकार संगठनात्मक परिवर्तन तथा नवीकरण से भिन्न है?

How does organizational transition differ from organizational change and renewal? 10

Adda247 GET IT ON Google Play

4\. *(a)* संगठनात्मक राजनीति क्यों उभरती है? इसके परिणाम क्या होते हैं? इनसे बचने के उपायों पर सुझाव दीजिए।

Why does organizational politics emerge? What are its consequences? Suggest measures to avoid them. 20

*(b)* "व्यक्तिगत एवं संगठनात्मक लक्ष्यों में समाकलन की आवश्यकता है।" इस कथन का परीक्षण कीजिए। यह संगठनात्मक प्रभावशीलता को किस प्रकार प्रभावित करता है?

"There is a need for integrating individual and organizational goals." Examine this statement. How does it affect organizational effectiveness? 20

*(c)* अधिकार प्रत्यायोजन और विकेन्द्रीकरण में अन्तर कीजिए।

Distinguish between delegation of authority and decentralization. 10

## खण्ड—B / SECTION—B

5\. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer each of the following questions in about *150* words : 10×5=50

*(a)* मानव संसाधन नियोजन के सम्मुख आने वाली समस्याओं की विवेचना कीजिए।

Discuss the problems faced in human resource planning.

*(b)* 360° प्रतिपुष्टि (फीडबैक) के गुणों एवं सीमाओं को विस्तार से समझाइए।

Elaborate the merits and limitations of 360° feedback.

*(c)* भारत में सामूहिक सौदेबाजी क्यों प्रभावी नहीं है? इसके कारणों को समझाइए।

Why is collective bargaining not effective in India? Explain its reasons.

*(d)* स्वैच्छिक वियोजन (सेपरेशन) किस प्रकार अनैच्छिक वियोजन से भिन्न है?

How is voluntary separation different from involuntary separation?

*(e)* श्रम आवर्त के उत्पादकता निहितार्थों को समझाइए।

Explain the productivity implications of labour turnover.

Adda247

6\. *(a)* "परीक्षण, उम्मीदवार के कार्य पर सफलता की अपेक्षा असफलता की भविष्यवाणी करने में उपयोगी होते हैं।" टिप्पणी कीजिए।

"Tests are useful in predicting the failure rather than success of the candidate on the job." Comment. 20

*(b)* प्रबंध में श्रमिकों की सहभागिता के औचित्य को समझाइए। इसको अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दीजिए।

Explain the rationale of workers' participation in management. Suggest measures to make it more effective. 20

*(c)* "भारत में संघों की बहुलता ने श्रम संघों के प्रभावी कार्यों को मंद कर दिया है।" विवेचना कीजिए।

"Multiplicity of unions has retarded the effective working of trade unions in India." Discuss. 10

Adda247 GET IT ON Google Play

**7.** *(a)* आदर्श नियोक्ता से आपका क्या आशय है? एक आदर्श नियोक्ता के रूप में कार्य करने के लिए सार्वजनिक उद्यमों की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

What do you mean by a model employer? Critically examine the role of public enterprises in acting as a model employer. 20

*(b)* अन्तरवैयक्तिक और निर्णय लेने के कौशल से संबंधित अधिशासी विकास की तकनीकों की व्याख्या कीजिए।

Elucidate the executive development techniques relating to interpersonal and decision-making skills. 20

*(c)* कार्य अभिकल्प (जॉब डिजाइन) किस प्रकार कार्य विश्लेषण से भिन्न है?

How is job design different from job analysis? 10

**8.** *(a)* ''संगठन में औद्योगिक विवादों के प्रबंधन के दो दृष्टिकोण हैं—रोधात्मक एवं उपचारात्मक।'' इस कथन का परीक्षण कीजिए। साथ ही, इनकी व्यक्तिगत प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन कीजिए।

"There are two approaches of managing industrial disputes in an organization—preventive and curative." Examine this statement. Also evaluate their individual effectiveness. 20

*(b)* ''लाभ सहभागिता योजना को बड़े पैमाने पर लागू करना ठीक उसी प्रकार होगा जिस प्रकार कि अज्ञात समुद्र में नाव चलाना।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

"An experiment in profit-sharing scheme on a wide scale would be definitely undertaking a voyage on uncharted seas." Discuss this statement. 20

*(c)* अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अंगों को समझाइए।

Explain the organs of International Labour Organization. 10

★★★

Adda247